News सिटी चीफ

वर्ष–15, अंक–162
पृष्ठ–8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो, तो सूरज की तरह जलना सीखो। - डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, सोमवार,16 सितम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### शराब माफिया से सांठगांठ का आरोप, शराबबंदी के बाद से ही करवा रहा था तस्करी

# बक्सर का भगोड़ा उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक सस्पेंड

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बक्सर, बक्सर के उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक को सस्पेंड किया गया है। शराब माफिया से सांठगांठ कर उत्तर प्रदेश से शराब लाकर शराबबंदी वाले बिहार में तस्करी कराने का आरोप उत्पाद अधीक्षक पर लगा है। नीतीश कुमार की शराबबंदी कानून को ठेंगा दिखाने वाले इस भगोड़े अधिकारी पर अब कार्रवाई की गयी है। शराब के धंधेबाजी का आरोप लगे इस अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उत्पाद अधीक्षक पर इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।

बताया जाता है कि बक्सर उत्पाद विभाग के अधीक्षक दिलीप पाठक के खिलाफ बक्सर के ही औद्योगिक थाने में केस दर्ज कराया गया था जिसके बाद से ये फरार थे। बाद में पटना हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद ये फिर से बक्सर में योगदान देने के फिराक में थे लेकिन विभाग ने समय रहते त्वरित कार्रवाई करते हुए भगोड़े उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक को सस्पेंड कर दिया। इतने बड़े ओहदे पर रहते हुए ये 8 साल से शराब



की तस्करी करवा रहे थे। जब से बिहार में शराबबंदी कानून बना तभी से ये शराब की तस्करी से जुड़े थे।

यूं कहे कि जिनके कंधे पर शराबबंदी कानून को कारगर तरीके से लागू कराने की जिम्मेदारी थी वही शराब की तस्करी कराते थे। उत्तर प्रदेश से लाकर शराबबंदी वाले राय बिहार में शराब बेचवाते थे। दरअसल 21 जून 2024 को औद्योगिक थाने की पुलिस ने शराब से लदे तीन वाहन स्कॉर्पियो, इंडिका, होंडा सिटी कार को पकड़ा था। जिसके बाद केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पटना निवासी एक बड़े शराब तस्कर मनीष उर्फ मरांडी को बक्सर से गिरफ्तार किया था। मनीष के मोबाइल से उत्पाद चेक पोस्ट पर तैनात सिपाही शेषनाथ यादव को शराब लदी गाड़ियों की तस्वीरें और गाड़ी नंबर वाट्सएप किया गया था।

जिसके बाद उत्पाद विभाग की चेकपोस्ट ने बिना कोई जांच किये गाड़ी को छोड़ दिया लेकिन आगे वाहन जांच कर रही बक्सर पुलिस ने धड़ दबोचा। जब सिपाही के फोन को जब्त कर जांच की गई तो उत्पाद विभाग का एक और सिपाही रामशंकर सिंह सहित 8 लोगों को पुलिस ने धड़ दबोचा। जिसके बाद सिपाही के मोबाइल से शराब माफिया और उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक के बीच सांठगांठ करने और मोटी रकम की लेनदेन करने का सबूत मिला।

जिसके बाद विभाग ने उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। शराब माफिया के खिलाफ इस कार्रवाई के बाद पुलिस कर्मियों और अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

लोगों को जब पता चला कि उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक जब से बिहार में शराबबंदी लागू की गयी तब से यह धंधा कर रहे हैं तो सुनकर आश्चर्य भी लगा। लोगों के बीच यह चर्चा हो रही है कि जिनके कंधे पर इस कानून को लागू कराना है उसी ने कानून को तोड़ने का काम किया है। दिलीप पाठक 2016 से ही बक्सर–यूपी के अलग–अलग बॉर्डर से शराब लदे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर बॉर्डर पार करवाता था। जिसके एवज में मोटी रकम उत्पाद अधीक्षक के पास पहुंचता था।

बिहार के कैमूर जिले में थाने में बैठकर दारोगा, दो चौकीदार और एक बाहरी व्यक्ति के शराब पीने का मामला सामने आया था। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में भी वही देखने को मिला कि जिनके कंधों पर शराब तस्करों को पकड़ने और शराबबंदी को ठीक से लागू करने की जिम्मेदारी दी गयी है वही इस कानून को सरेआम तोड़ रहे हैं।

### इन रूट पर दौड़ेगी ट्रेन

# बिहार को मिली 4 वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार को चार वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात दी. पटना–टाटा, भागलपुर–हावड़ा, देवघर–वाराणसी और गया–हावड़ा रूट पर चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी. यह ट्रेनें यात्रियों की लंबी दूरी की यात्रा की समय कम करेगी और आरामदायक सफर का अनुभव प्रदान करेगी. यह ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की क्षमता रखती है.इन वंदे भारत ट्रेनों में सफर को आरामदायक बनाने के लिए कई प्रकार की आधुनिक सुविधाएं हैं. चेयर कर और एग्जीक्यूटिव



क्लास में आरामदायक सीटों के साथ–साथ डिजिटल डिस्प्ले, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि सुविधा हैं. इसके अलावा ट्रेन में साफ–सफाई का खास ख्याल रखा जाएगा और इसका रखरखाव हावड़ा में किया जाएगा.यह ट्रेन टाटानगर से सुबह 5:00 बजे रवाना होकर दोपहर 12:20 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी. इस दौरान यह ट्रेन मूरी, बोकारो, गोमो और गया जैसे स्टेशनों पर रुकेगी. 6 घंटे 50 मिनट में यह अपना सफर पूरा करेगी. वापसी में यह ट्रेन पटना से दोपहर 2:15 बजे चलेगी और रात 9:05 बजे टाटानगर पहुंचेगी. योर ट्रेन 20 सितंबर से नियमित रूप से चलने लगेगी.यह ट्रेन भागलपुर से सुबह 11:00 बजे चलेगी और रात 8:00 बजे हावड़ा पहुंचेगी. रास्ते में यह ट्रेन बांका, बाराहाट, मंदार हिल, हंसडीहा, नोनीहाट, दुमका, रामपुरहाट और बोलपुर जैसे स्टेशनों पर रुकेगी. भागलपुर से हावड़ा का सफर 9 घंटे में पूरा होगा और 17 सितंबर से यह ट्रेन आम जनता के लिए उपलब्ध होगी.

### प्रशांत किशोर का बड़ा बयान

# सत्ता में आए तो एक घंटे में खत्म कर देंगे बिहार से शराबबंदी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार की राजनीति में अपना सिक्का आजमाने उतरे चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने एक बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि अगर उनकी नई राजनीतिक पार्टी सत्ता में आती है तो वह एक घंटे के भीतर ही बिहार में शराबबंदी को समाप्त कर देंगे. मीडिया से बात करते हुए जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी पार्टी अपनी सरकार बनाने के एक घंटे के भीतर शराबबंदी को समाप्त कर देगी. प्रशांत किशोर ने कहा कि शराबबंदी का फैसला नीतीश कुमार की तरफ से एक ढकोसला है. किशोर ने मौजूदा शराबबंदी की आलोचना की और दावा किया कि यह



अप्रभावी साबित हुई है. उन्होंने कहा कि शराबबंदी के कारण अवैध घरेलू शराब वितरण बढ़ गया है और राय को 20,000 करोड़ रुपये के संभावित उत्पाद शुल्क राजस्व से वंचित कर दिया है. उन्होंने राजनेताओं और नौकरशाहों पर भी अवैध शराब व्यापार से लाभ उठाने का आरोप लगाया. किशोर ने यह भी कहा कि वे काबिलियत की राजनीति में विश्वास करते हैं और शराबबंदी पर बोलने से नहीं हिचकिचाएंगे.

### नीतीश सरकार के खिलाफ RJD का हल्ला बोल

# बढ़ते अपराध को लेकर राजभवन मार्च

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार में बढ़ते अपराध और गिरती कानून–व्यवस्था के खिलाफ आरजेडी प्रदेश कार्यालय से पार्टी के नेता और कार्यकर्ता राजभवन के लिए निकल गए हैं. जिसमें वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और सभी प्रकोष्ठों के साथ–साथ पटना जिला और महानगर के सभी नेता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए हैं. राष्ट्रीय जनता दल के नेता राजभवन मार्च को देखकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा की पूरी तैयारी कर रखी है. आरजेडी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि बिहार में लगातार हो रही हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार की घटनाएं और शासन और प्रशासन की विफलताओं के साथ–साथ सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है. लोग खौफ के साए में जी रहे हैं. अब तो घर में भी लोग सुरक्षित नहीं है और बाहर निकलने



से लोगों को डर लग रहा है. ऐसा लगता है कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है. जहां अपराधी अपराध करने में मस्त हैं, वहीं शासन–प्रशासन पूरी तरह से पस्त है और सरकार में बैठे हुए नेता और पदाधिकारी मलाई काटने में व्यस्त हैं. इसलिए हमलोग आज राजभवन जाकर अपना ज्ञापन सौंपेंगे.– एजाज अहमद, प्रवक्ता, राष्ट्रीय जनता दल

### आरा में उपमुखिया को मारी गोली

# बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े बीच सड़क पर घेरकर की ताबड़तोड़ फायरिंग

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

आरा, आरा में रविवार को बेखौफ अपराधियों ने एक उपमुखिया को गोली मार दी. परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी उपमुखिया को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. इस खूनी वारदात को किस कारण से अंजाम दिया गया, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. गोलीबारी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. घटनाक्रम की छानबीन शुरू कर दी है.संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव की घटना है. जख्मी उपमुखिया का नाम दीपक कुमार केसरी है.

संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव वार्ड नंबर 14 निवासी नाथु साव का पुत्र है. उम्र करीब 32 वर्ष बतायी जा रही है. पेशे से एक किराना दुकानदार भी है. खंडोल पंचायत का उपमुखिया भी है. दीपक, आज सुबह किराना दुकान का सामान खरीदने के लिए बाइक से संदेश बाजार जा रहे थे. फुलाड़ी गांव स्थित 1 नंबर स्टैंड के पास बाइक सवार दो अपराधियों ने गोली मार दी.बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली उनके पेट में दाहिने साइड लगी. खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गए. दीपक कुमार केसरी को गोली लगने की जानकारी उनके परिजनों को मिली. वह मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित डॉ विकास सिंह की क्लीनिक में भर्ती कराया. जहां फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. चिकित्सक गोली निकालने के प्रयास में लगे हुए हैं.

### अपराधियों ने गोपालगंज में फिर दर्ज कराई अपनी उपस्थिति

# दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, गंभीर हालत में गोरखपुर रेफर



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

गोपालगंज, बिहार में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। यही कारण है कि अपराधी एक के बाद एक क्राइम की वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि अपराधियों में पुलिस का डर खत्म हो गया है। इस बार अपराधियों ने गोपालगंज में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। जहां दिनदहाड़े युवक को गोली मारी गयी है।

गोली लगने से घायल युवक को आनन–फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल युवक को लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हो गये हैं। घटना उचकागांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर टोला की है। जहां इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है। घायल युवक की पहचान बलेसरा गांव निवासी नीरज यादव के रूप में हुई है। नीरज को अपराधियों ने गोली क्यों मारी? इस बात का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। वही पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी को भी खंगाल रही है।

घटना की जानकारी देते हुए घायल नीरज यादव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व नामजद आरोपी ने 10 लाख रुपये बतौर रंगदारी मांगी थी। जब पैसे देने से इनकार किया तब मुझे मिलने के लिए अपने गांव में बुलाया। वहां पहुंचते ही आरोपियों ने लाठी–डंडे से पिटाई कर दी। इस दौरान सीने में गोली मार दी और मौके से सभी अपराधी फरार हो गये। वही ऊंचका गांव थाने के थानेदार प्रवीण कुमार प्रभाकर ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले से विवाद चल रहा था। इसी बीच दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने नीरज यादव को गोली मार कर मौके से फरार हो गये। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।